भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2253

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

मंडी, हिमाचल प्रदेश में मल्टी स्पेशियलिटी खेल परिसर

2253. सुश्री कंगना रनौत:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की हिमाचल प्रदेश राज्य के मंडी निर्वाचन क्षेत्र में ऑल-इन-वन मल्टी स्पेशियलिटी खेल परिसर/अकादमी का निर्माण करने की कोई योजना है जहां बच्चे और युवा देश में खेले जाने वाले सभी खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, मल्टी-स्पेशियलिटी खेल परिसर/अकादमी के निर्माण सहित खेल के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है। हालाँकि, खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना के सृजन और उन्नयन" घटक के अंतर्गत इस मंत्रालय ने एक परियोजना अर्थात् 4.50 करोड़ रु. की लागत पर हिमाचल प्रदेश, जिला मंडी, सुंदरनगर स्थित बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, मंडी निर्वाचन क्षेत्र सहित हिमाचल प्रदेश राज्य में 18 खेलो इंडिया केंद्र अधिसूचित किए गए हैं। इन केआईसी का विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/ पर उपलब्ध है।

(ग) उपर्युक्त (क) और (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

****